तापमान
अधिकतम 31.8 डिग्री
न्यूनतम 19.6 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार, 27 अक्टूबर 2024

भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर



12 291 सीटीसी आपरेशन सफल, सीएचसी निकुम में मिल रहा मरीजों को बेहतर इलाज





12 रिसाली में मिनी उद्यान का किया भूमिपूजन












**अपराध:** आरोपी हत्या कर हुआ फरार, मृतक उसके दोस्त पर किया था हमला

# निगरानीशुदा बदमाश की हत्या, दो दिन पहले हुई थी शादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दो दिन पहले निगरानीशुदा बदमाश की हुई थी शादी और पुरानी रंजिश के चलते हत्या कर आरोपी मौके से फरार हो गया है। दूसरे युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र की है। शिकायत पर पुलिस ने हत्या का अपराध कायम कर आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि शांति नगर दुर्ग निवासी परमेश्वर निर्मलकर उर्फ टोपू अपने दोस्त जितेन्द्र के साथ बाइक पर जा रहा था। इस दौरान शांति नगर चौक पर विकास उर्फ पिंटू ने टोपू को आवाज देकर बुलाया। आवाज सुनकर परमेश्वर ने अपनी बाइक रोक दी। अचानक विकास तेजी से आया और चाकू से परमेश्वर और जितेन्द्र पर ताबड़तोड़ हमला कर फरार हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगं ने पुलिस को सूचना दी और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। वहीं अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही परमेश्वर ने दम तोड़ दिया। वहीं उसका दोस्त जितेन्द्र की हालत गंभीर बताई जा रही है। जितेन्द्र का उपचार अस्पताल में जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मृतक परमेश्वर व आरोपी विकास पहले दोस्त हुआ करते थे लेकिन अब दोनों में रंजिश है। दोनों ही निगरानी बदमाश है। आरोपी विकास एक सप्ताह से परमेश्वर की हत्या करने का प्लान बना रहा था।



शनिवार को मौका मिलते ही उसने वारदात को अंजाम दिया। मोहन नगर पुलिस के हाथ आरोपी को लेकर खास सफलता हासिल नहीं हुई है। मृतक परमेश्वर की दो दिन पहले ही शादी हुई थी और इस घटना के बाद परिजनों में मातम का माहौल है।

### तलाश कर रहे

मृतक और आरोपी दोनों निगरानीशुदा बदमाश है। आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। घायल युवक का उपचार अस्पताल में जारी है।
सुरक्षा को लेकर पुलिस सजग है।

**-अभिषेक झा,** एएसपी

## कलाकार से लाखों की ठगी, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सरकारी कार्यक्रम दिलाने और फाइल बनाने का झांसा देकर लाखों रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। कलाकर ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। मोगर गंवई गांव खुर्सपार निवासी लोक कलाकार नवलदास मानिकपुरी ने शिकायत किया है कि वार्ड 36 दुर्गा चौक रायगढ़ निवासी जितेश चौहान, राकेश कुमार त्रिपाठी, महिला यादव नामक तीन लोगों ने मिलकर 1.30 लाख रुपए का ठगी किया है। तीनों ने मिलकर कलाकार नवलदास मानिकपुरी से सरकारी कार्यक्रम दिलाने, फाइल तैयार कर रजिस्ट्रेशन कराने का झांसा दिया। पीड़ित ने बताया कि जितेनश चौहान की पत्नी किरण चौहान के खाते में रकम ट्रांसफर किया गया है। उक्त लोगों से पीड़ित ने राशि लौटाने की कई बार गुहार लगाई लेकिन लगातार घूमाया जा रहा है। पीड़ित लोकमंचीय कार्यक्रम प्रस्तुति कर अपना परिवार का भरण पोषण करते है। घटना की शिकायत रायगढ़ स्थित कोतवाली थाने में की गई है लेकिन 20 दिनों बाद भी ठगी करने वाले लोगों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई। नवलदास मानिकपुरी ने आरोप लगाया है कि उक्त लोगों द्वारा प्रदेश भर में अपना नेटवर्क फैला रखा है।







## खबर संक्षेप



### पदोन्नति पश्चात के कर्मियों ने दिया विदाई

**पाटन।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन में बीएमओ से पदोन्नति होकर जिला चिकित्सा अधिकारी खैरागढ़ में जाने के उपरांत पाटन स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों ने डॉ. आशीष मिश्रा की विदाई समारोह के साथ शाल श्रीफल एवं मोमेंट से सम्मान किया गया। इस अवसर पर डॉ. आशीष शर्मा ने कहा कि पाटन में 2017 से 2024 तक एक परिवार की तरह कार्य किया। उन्होंने अपने कार्यकाल का अनुभव व्यक्त किया। कर्मचारियों ने शाल श्रीफल एवं मोमेंटो से सम्मानित किया। विदाई अवसर पर डॉ. अरूण कटारे, डॉ. आकाश साहू, डॉ. प्रियंका पाण्डे, डॉ .अभिलाषा दीवान, प्रदीप सिन्हा, बीईटीओ बीएल वर्मा, केके वर्मा, सैय्यद असलम, सुपरवाईज़र सुरेखा राठौर, चन्द्रकांता साहू, देवकी सिन्हा, भारती यदु, जेआर मारकंडे, पूनम साहू, मधु देवांगन, संजय मिश्रा, अनिता जोशी, प्रेमराजकुमारी, चित्ररेखा देवांगन, उत्तम मधुकर आदि मौजूद थे।

### उपलब्धि : ग्रामीण क्षेत्र में देवदूत साबित हो रहा निकुम अस्पताल

# 291 सीटीसी आपरेशन सफल, सीएचसी निकुम में मिल रहा मरीजों को बेहतर इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम

दुर्ग जिले के अंतिम गांव निकुम में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निकुम ग्रामीण अंचल के गांवों सहित समीपस्थ जिला बालोद के दर्जन भर गांवों के मरीज अब बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलने के कारण निकुम हॉस्पिटल में ओपीडी में ग्राफ बढ़ रहा है। गौरतलब हो कि लगातार खंड चिकित्साधिकारी निकुम डॉ.एनएल बंजारे स्वास्थ्य सुविधा को लेकर पूरे स्टाप के साथ लगातार बैठक व स्वास्थ्य सिस्टम को दुरुस्त करने के कारण निकुम अस्पाताल में जनसुविधा मिलने से मरीजो के लिए सीएचसी निकुम देवदूत साबित हो रही है,क्योकि कई बार सर्पदंष से कई मरीजो एंटीजन इंजेक्शन की सुविधा, निः शुल्क ब्लड डोनेट वहीं कई बार समय पर ऑक्सीजन मरीजों को मिलने से सैकड़ों जान बच चुकी है। वहीं क्षेत्र के विधायक ललित चन्द्राकर की सक्रियता से निकुम में 5 नये एमबीबीएस चिकित्सक आने से मरीजो को बेहतर इलाज की सुविधा मिल रही है।



**291 सीटीसी सफल ऑपरेशन, वहीं 88 संस्थागत प्रसवः** बीते दशक भर बाद निकुम में ओटी शुरू होने से निकुम अंचल सहित समीपस्थ जिले बालोद से मरीज आ रहे है। वहीं माह 2024 अप्रैल से आज पर्यन्त तक बीएमओ निकुम डॉ एनएल बंजारे के नेतृत्व में स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. किरण लोंधेकर व डॉ. रोशन साहू एनेशथिस्या द्वारा 291 सीटीसी सफल ऑपरेशन,वहीं 88 संस्थागत प्रसव जो कि ग्रामीण क्षेत्र के लिए सराहनीय कदम साबित हो रहा है। वहीं मरीजों को मिल रहा पौष्टिक भोजन ,निःशुल्क दवाई सहित कई सुविधा है।

#### सीएम का जताया आभार



सीएचसी निकुम में चिकित्सकों की कमी असुविधा को लेकर समाजसेवी दिव्यांग सुरेश साहू ने सीएम जनदर्शन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व विधायक ललित चन्द्राकर को स्वास्थ्य सुविधा की मांग किया ,जिसके कारण मरीजों को बेहतर सुविधा मिल रही है।

**मरीजों के लिए वरदान साबित हो रही सुविधाः** अस्पाताल में ओपीडी सुविधा, गर्भवती महिलाओं व टीकाकरण के लिए वेंटिग हाल में स्मार्ट टीवी चेयर, मरीजों अन्य सुविधा भी मिल रही है।

#### बेहतर स्वास्थ्य सुविधा



जीवनदीप समिति निकुम की बैठक कर अस्पाताल को बेहतर सुविधा ग्रामीणजनों को मिले, यही प्रयास करेंगे।
**ललित चंद्राकर,** दुर्ग ग्रामीण विधायक

#### मरीजों को मिले सुविधा



अब बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलने से ग्रामीण क्षेत्र के मरीज आ रहे है।
**डॉ.एनएल बंजारे,** बीएमओ

### पुलिस थाना अंडा में विदाई समारोह का आयोजन



अंडा। पुलिस थाना अंडा में विदाई समारोह आयोजित किया गया। अंडा थाना से स्थानांतरण होकर महिला आरक्षक तृप्ति ध्रुव (अंजोरा चौकी),आरक्षक हिम्मत सिंह (उतई थाना),आरक्षक रामेश्वर कोमा (जेवरा सिरसा चौकी) महिला आरक्षक हेमलता ठाकुर (नगपुरा चौकी) उनके स्थानांतरण को लेकर उपनिरीक्षक तुलसी राम साहू ने अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों की ओर से फूलमाला पहना कर स्थानांतरित विदाई दी गई।






## बिजनेस साइट

### नरेश टीवीएस में घूमो दुनिया और गिफ्ट ऑफर की धूम



**भिलाई।** रिसाली कृष्णा टॉकीज रोड में स्थित नरेश टीवीएस जो कि टीवीएस कंपनी का एकमात्र अधिकृत विक्रेता है। यहां दिपावली के त्योहारी सीजन पर उपहारों एवं ऑफर की धूम मची हुई है जिसे लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। नरेश टीवीएस के संचालक हिमांशु ने बताया कि हमारे यहां घूमो दुनिया ऑफर के तहत लक्की ड्रा के द्वारा इंटरनेशनल टूर जिसमें बाली, वियतनाम, कंबोडिया जैसे विदेशों की यात्रा निःशुल्क कराने की व्यवस्था है। इसके अलावा हर खरीदी पर निश्चित उपहार प्राप्त करने का ऑफर दिया जा रहा है। जिसमें स्क्रेच करने पर 6 हजार मूल्य तक के गिफ्ट पाने का सुनहरा अवसर ग्राहकों को दिया जा रहा है। कोई भी वाहन खरीदने पर हेलमेट फ्री दिया जा रहा है और एक्सटेंडेड इलेक्ट्रीकल वारंटी एक साल का अतिरिक्त दिया जा रहा है साथ में पेट्रोल फ्री दिया जाएगा। नरेश टीवीएस में सर्विसिंग की सुविधा उपलब्ध है। नरेश टीवीएस में गिफ्ट पाकर ग्राहक खुश हो रहे हैं। यहां नई टीवीएस जूपिटर 110, टीवीएस एनटार्क, राइडर स्पोर्टस, अपाचे, टीवीएस एक्सल 100, इलेक्ट्रीक आइक्यूब आसान किस्तों पर कम डाउन पेमेंट पर बैंक द्वारा फाइनेंस करने की सुविधा उपलब्ध है। ग्राहकों से अपील की गई है कि एक बार नरेश टीवीएस में आकर अवश्य देखें।

### सोनू फैमिली कलेक्शन व फैंसी स्टोर में दिवाली ऑफर



**दुर्ग।** महाराणा प्रताप नगर बोरसी दुर्ग स्थित सोनू फैमिली कलेक्शन एवं फैंसी स्टोर में सभी प्रकार के मेन्स वियर, लेडिस वियर, किड्स वियर, जींस, शर्ट, टी-शर्ट, कुर्ता, शेरवानी, टाप, साड़ी, कुर्ती, सेटलेगिंस, नायर केट, प्लाजो सेट, आकर्षक दामों पर उपलब्ध है। संचालक सोनू सोनवानी ने बताया कि दिवाली के शुभ अवसर पर प्रत्येक खरीदी पर आकर्षक उपहार दिया जा रहा है। यहां सभी डिजाइनों के ब्लाउज एवं सलवार सूट की सिलाई की जाती है। साड़ी में पीको फाल एवं ब्लाउज अस्तर मिलते हैं। इसके अलावा सभी प्रकार के बैंगल्स, गिलास एण्ड मेडल, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, प्लास्टिक बैंगल्स, हियरिंग और चेंस एवं कास्मेटिक आइटम उपलब्ध है।

### रिसाली में मिनी उद्यान का किया भूमिपूजन



**उतई।** रिसाली के प्रगति नगर में श्रीसंकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में बनने वाले लघु उद्यान का भूमिपूजन विधिवत पूजा-अर्चना के साथ सम्पन्न हुआ। इस उद्यान का निर्माण पार्षद निधि से 6 लाख की लागत से किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित हुआ।









### फिश टनल, हैंडीक्राफ्ट एक्जीबिशन व रोबोटिक एनिमल्स शो



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में पहली बार शुक्रवार को वेलडेक्स ग्राउंड कला मंदिर के सामने सिविक सेंटर भिलाई में शाही उद्घाटन किया गया। इसमें फिश टनल एक्वेरियम शो, हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट कंज्यूमर सेल एक्जीबिशन तथा रोबोटिक एनिमल्स शो प्रमुख हैं। इसका उद्घाटन समाजसेविका रजनी बघेल, बीएसपी ओए के अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर तथा महासचिव परविंदर सिंह ने संयुक्त रुप से किया। संचालक सुभाष सबरवाल तथा रईस भाई ने बताया कि मछलियों को मस्ती करते पानी में दिखाने के लिए फीस पैनल एक्वेरियम की स्थापना की गई है, जहां रंग-बिरंगी मछलियां दिखाई देगी। उन्होंने बताया कि रोबोटिक एनिमल शो का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सभी जानवर डायनासोर, शेर व हाथी आदि हैं। वहीं हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट कंज्यूमर सेल प्रदर्शनी में सभी राज्यों के स्टॉल लगाए गए हैं। जहां टेराकोटा का कारपेट, क्राकरी, बनारसी साड़ियां, लखनवी चिकन सूट, गुजरात के नमकीन, फैंसी चप्पलें, कश्मीरी साड़ियां, शाल सहित अनेक वस्तुएं हैं, जो लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र हैं।

### धनतेरस और दिवाली पर घर ले आए नई हीरो



**भिलाई।** हीरो कंपनी की मोटरसाइकिल विक्रेता भारत मोटर्स कृष्णा टॉकीज रोड रिसाली भिलाई एवं महावीर मोटर्स राम मंदिर के सामने जीई रोड भिलाई तीन स्थित शोरूम में दिवाली एवं धनतेरस के शुभ अवसर पर ऑफर ही ऑफर दिए जा रहे हैं। भारत मोटर्स के संचालक राजेश धनवानी एवं महावीर मोटर्स के संचालक राजेश कोटेचा ने बताया कि हीरो कंपनी के ऑफर के अलावा उनके पास बुकिंग पर कंपनी की सर्विस के अलावा दो सर्विस फ्री दिए जा रहे हैं जिसकी कीमत 389 X 2=778 रू है। साथ ही उन्होंने बताया कि कम से कम डाउन पेमेंट आसान किस्त कम से कम कागजात पर फाइनेंस, बिना चेक के फाइनेंस, 1 साल का 15 लाख का बीमा मुफ्त दिए जा रहे हैं उनके यहां हीरो की गाड़ियों में एचएफडीएल एक्स, स्प्लेंडर, पैशन, सुपर स्प्लेंडर, ग्लैमर , एक्सस्ट्रीम प्लेजर, जूम, माएस्ट्रो ,करिज्मा एक्स एम पी जैसी सारी गाड़ियां उपलब्ध है। एचएफडीएल एक्स पर 4500 पैशन पर 3000 और करिज्मा एक्स एमपी पर 5000 तक की विशेष छूट दी जा रही है स्कूटर पर 12000 तक की स्पेशल छुठ दिए जा रहे हैं इस ऑफर की लाभ उठाने के लिए हीरो की मोटरसाइकिल इस दिवाली घर ले जाए।

### ओम ज्वेलर्स में ग्राहकों का अच्छा रिस्पांस




**दुर्ग।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।




# हरिभूमि लाइव

रायपुर, रविवार 27 अक्टूबर 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

74154-69100, Message at - 9755819129


14



वैराग्य प्राप्ति को लेकर नाट्य मंचन

लाइव इवेंट

## स्टूडेंट्स ने नई तकनीकों से तैयार फल और सब्जी की नई वैराइटी को जाना



■ इंदिरा गांधी कृषि विवि ने नए कृषि अविष्कारों के लिए लगाया राष्ट्रीय किसान मेला

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ कृषि महाविद्यालय धनोरा के बीएससी कृषि के छात्र छात्राओं ने राष्ट्रीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी का इंदिरा गांधी कृषि महाविद्यालय रायपुर में भ्रमण किया। किसान मेला में छात्र, छात्राओं ने कई नए कृषि अविष्कारों के बारे मे जानकारी प्राप्त की। अनेकों प्रकार के खाद्यान्न फसलों की जैव विविधता जैसे लौकी में जैव विविधता, कैकटस में जीव विविधता, गुलाबों मे जैव विविधता, अनेकों प्रकार के मिलेट्स जैसे रागी, कोदो, कुटकी की अनेकों वैराइटी को देखा। उनके फायदे को जाना। फिश फार्मिंग की एक्टिविटीज, मशरूम के स्पान एवं मशरूम की खेती कैसे करते हैं ? इसके बारे में जानकारी प्राप्त की। हल्दी की नई वैराइटी जैसे आमी हल्दी, सेलम हल्दी, तिखुर हल्दी, काली हल्दी, सुरोमा हल्दी एवं फलों मे अमरुद, ड्रैगन फ्रूट, नारियल, सीताफल सब्जियों में बैगन, करेला, बरबटी, लौकी, तरोई, खीरा, कद्दू, मिर्च की अनेको वैराइटी के बारे में जानकारी ली।

### ड्रोन से दवाओं के छिड़काव को भी समझा

इस अवसर पर स्टूडेंट्स को खेती करने के पैटर्न के बारे में जानकारी दी गई। कई प्रकार के खादों एवं ड्रोन से कैसे खेती मे यूरिया का छिड़काव से जुड़े अविष्कारों से अवगत कराया। विभिन्न प्रकार के कृषि यंत्रो और ट्रेक्टर के नए-नए प्रकारों का छात्रों ने अवलोकन किया। इस विजिट में श्वेता, शिक्षा, दिशा, काजल, भूमिका, वंदना, निशा, सरोज ने जानकारी प्राप्त की। कॉलेज स्टाफ में प्रशिल मरकले, दीप बनर्जी और विवेक पाण्डेय मौजूद थे।

● दिवाली की रोशनीः 29 को धनतेरस, 30 को नरक चतुर्दशी, 31 को लक्ष्मी पूजा और 1 नवंबर को गोवर्धन

# घरों को जगमगाने आग में तप रहे मिट्टी के दीए, सिरसा सोनपुर और नयापारा में 20 लाख से ज्यादा हो रहे तैयार

ट्विनसिटी दीपावली उत्सव मनाने को तैयार है। इस बार खास है मिट्टी के दीए, जो कि विशेष रूप से नयापारा दुर्ग, सिरसा खुर्द, गुरेदा गुंडरदेही और सोनपुर पाटन में तैयार किए जा रहे हैं। मिट्टी के दीए तैयार करने वालों की मानें तो इस बार 20 लाख से ज्यादा दीयों की डिमांड है। ये डिमांड दुर्ग, राजनांदगांव, भिलाई और आसपास के अन्य जिलों से हैं। कुम्हारों ने इन दीयों को बनाने के साथ ही आग में पकाना और लाल रंग यानी गेरू रंग से रंगना भी शुरू कर दिया है। दीए बाजार में पहुंचना भी शुरू हो गए हैं।

**भिलाई।** दुर्ग-भिलाई सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में दिवाली मनाने की तैयारी अंतिम चरण में है। दुर्ग जिले में मिट्टी के दीयों को रोशन करने के लिए कुम्हार दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। जिले में मुख्य रूप से नयापारा दुर्ग, सिरसा खुर्द, जिले की सीमा से लगे ग्राम गुरेदा, सोनपुर पाटन में मुख्य रूप से मिट्टी के दीए बनाए जा रहे हैं। इन गांवों में 300 से ज्यादा कुम्हारों द्वारा पिछले 15 दिनों से लगातार मिट्टी के दीए तैयार करने का काम किया जा रहा है। सबसे ज्यादा संख्या में मिट्टी के दीयों को आग में तपाने का काम शुक्रवार को ही किया गया है। दीए के साथ कलश भी बनाए जा रहे हैं। अकेले सिरसा खुर्द में करीब 10 लाख दीए बन रहे हैं।

कुम्हारों ने बताया कि दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव और रायपुर से बड़ी संख्या में ऑर्डर मिल रहे हैं। महिलाएं भी खुद आकर दीए लेकर जा रही हैं, और घूम-घूमकर बाजारों और कॉलोनियों में बेच रही हैं। हर साल की तरह दीवाली के पूर्व घर-घर में पारंपरिक और इलेक्ट्रॉनिक चाक घूम रहा है। आंवा (भट्ठी जिसमें दीये को पकाया जाता है) धधक रही है। राम कुंभकार ने बताया कि दीये की मांग है। एकमुश्त थोक में भी ऑर्डर मिल रहे हैं। लव चक्रधारी बताते हैं कि 5 लाख दीये गांव से निकल चुके हैं।



### गुरेदा-डंगनिया में 24 घंटे घूम रहे चाक

गुरेदा और डंगनिया ऐसे गांव हैं, जहां 24 घंटे चाक घूम रहे हैं। जागेश्वर कुम्हार, डेहर लाल कुम्हार, देव किशन राज बाई कुम्हार लगभग 20 सालों से इलेक्ट्रानिक चाक से दीए तैयार कर रहे हैं। मिट्टी के दीयों की परंपरा सदियों को पुरानी है। इस वजह से इसकी डिमांड बनी हुई है। शहर से डिमांड ज्यादा है, रोज व्यापारी मिट्टी के दीए के लिए पहुंच रहे हैं। सुबह से उनका घर पर डेरा लगा हुआ है, गाड़ियों में भरकर वे दीए लेकर जा रहे हैं। पूरा परिवार इस काम में लगा हुआ है।

### दीए बनाने के कारण घड़ा बनाने का काम रोका



कुम्हारों ने बताया कि दीये की मांग पूरी करने के लिए घड़ा बनाने का काम रोक दिया गया है। आमतौर पर गुल्लक और घड़ा बनाने का काम चलता रहता है। इस समय दीये का ऑर्डर इतना ज्यादा है कि गुल्लक और घड़ा बनाने का काम अभी रोकना पड़ गया है। सभी कुम्हार परिवार दीये बनाने में लगे हुए हैं। दीये के साथ लगभग एक लाख कलश की भी मांग इस समय है। कुम्हारों ने बताया कि आसपास के अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भी कुम्हारों द्वारा दीए बनाए जा रहे हैं।

सिटी इवेंट

## साहसिक गतिविधियों से रूबरू हुए स्काउट-गाइड और रोवर-रेंजर



■ पंचमडी एवं मनाली जैसे एडवेंचर देख हर्षित हुए कैडेट्स

**दुर्ग।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में राज्य मुख्य आयुक्त डॉ.सोमनाथ यादव निर्देश पर राज्य स्तरीय एडवेंचर हाईक व्यक्तित्व विकास एवं प्राकृतिक अध्ययन को लेकर जलकी सिरपुर महासमुंद में कैम्प लगाया गया। इस गतिविधियों में दुर्ग, रायपुर, गरियाबंद के स्काउट एवं गाइड, रोवर, रेंजर, प्रभारी शिक्षक-शिक्षिका सहित 96 प्रतिभागी शामिल हुए। स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर जंगल टेन्ट में रहना, एडवेंचर, प्राकृतिक अध्ययन, अलोहा के जंगल में विभिन्न पेड़-पौधों वनोषधि, गुलाब की खेती, चंदन, जायफल के पेड़ का अवलोकन किया।

इस अवसर पर कैडेट्स को वॉल क्लाइंबिग, टावर वॉल क्लाइंबिग ब्रिज जोन, मल्टीवाइन ब्रिज, जिंग जिंग, एंगल लॉक टायर ब्रिज, टेपल ब्रिज जैसे टास्क दिए गए। सभी गतिविधियों में भाग लिए एवं भ्रमण कराया गया। कैम्पिगं जीवन के महत्व को बताया सर्व सुविधायुक्त घर से बाहर जंगल टेन्ट में आवास सीमित साधन में अनुशासित होकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करना निडरता पूर्वक साहसिक गतिविधियों में भाग लेकर आत्मविश्वास बढ़ाता होता है। महर्षि सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैलाश नगर भिलाई प्रभारी स्काउटर विनोद कुमार बारले, प्रभारी गाइड़र हेमा चन्द्रवंशी शहीद वीर नारायण नगर खुर्सीपार भिलाई दुर्ग दोनों प्रभारी के सहयोग नेतृत्व में एडवेंचर कैम्प जलकी प्रभारी सहित अन्य मौजूद थे।

## अफ्रीका की बालिकाओं को सिखा रहे कराते

**भिलाई।** दो दिवसीय कराते प्रशिक्षण कराते मास्टर हरीश साहू द्वारा दिया गया। सोतेकान फेडरेशन के हरीश साहू के अलावा निर्भया आत्मरक्षा संस्था से मृत्युंजय साहू, माधुरी देवांगन, बबीता साहू, संगम वर्मा ने भी प्रशिक्षण प्रदान किया। 76 बालिकाओं ने कराटे का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसमें साउथ अफ्रिका की 9 बालिकाओं को प्रशिक्षण दिया गया। आयोजक राघव वर्मा ने कहा कि आज के माहौल को देखते हुए बालिकाओं के लिए कराते बहुत जरूरी है। हर जगह हम हथियार लेकर नहीं चल सकते। इसलिए कराते सीखकर हाथ और पैर को मजबूत कर अपनी सुरक्षा स्वयं कर सकते हैं। कराते प्रशिक्षकों बहुत ही तारीफ की। ऐसे मास्टर निशुल्क कराते सिखाने वाले बहुत कम मिलेंगे। सभी का आभार व्यक्त किया गया। मास्टर हरीश साहू ने बताया कि निर्भया आत्मरक्षा संस्था के बैनर तले सभी यूनियर सिटी में कराते का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। रायपुर कलेक्टर गौरव कुमार सिंह ने भी आयोजन की प्रशंसा की।



■ बालिकाओं की सुरक्षा के लिए दे रहे प्रशिक्षण, लगातार आयोजन

## छत्तीसगढ़ की संस्कृति और धरोहर को रंगोली में उकेरा



**भिलाई।** शासकीय पॉलीटेक्निक दुर्ग में जनजातीय गौरव स्मृति कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को किया गया।

प्रतियोगिता में काफी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया और जनजातीय समाज की महान विभूतियों, उनकी संस्कृति और धरोहर को प्रस्तुत किया। इसका उद्देश्य छात्रों में जागरूकता को बढ़ावा देना था। इस प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों ने छत्तीसगढ़ के बस्तर आर्ट, आदवासी जनजाति आदि विषयों पर खूबसूरत रंगोली बनाई। जिसमें वहां की परंपरा व रिति-रिवाज के बारें में सभी से जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य प्रकाश कुमार पांडे के निर्देशन में किया गया। प्रतियोगिता में डॉ. राखी जंघेल, गुलशन कुमार ठाकुर, सुषमा सिंह और मनोज चंद्राकर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उत्कृष्ट प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा।

सिटी इवेंट

## योगासन खेल प्रतियोगिता का आगाज आज होगा समापन, श्रेष्ठ होंगे सम्मानित



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रेम निरंजन योगासन खेल संघ और योग लंगर समिति के तत्वावधान में चतुर्थ सब जूनियर, जूनियर व सीनियर बालक-बालिका राज्य स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता प्रगति भवन सिविक सेन्टर में शुरू हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. मानवेन्द्र जंघेल थे। अध्यक्षता महेश्वरी सभा के अध्यक्ष हर्ष मंत्री ने की। अशोक महेश्वरी, टीआर देवांगन, उल्लास कोपुलवर, अरुण पंडा थे। संचालन रीना पटेल ने किया। खेलकूद का समापन व पुरस्कार वितरण 27 अक्टूबर को किया जाएगा। मुख्य अतिथि ओए अध्यक्ष नरेन्द्र होंगे। शनिवार को हुए कार्यक्रम में डॉ. नीरा सिह, नवीनसिह, अंकित, लियाक़त अली, अनिल प्रजापति, वीणा सिंह सहित अन्य मौजूद थे।





SIDDHI ROYALS @siddhiroyals

BHILAI: Nagdev Complex, Krishna Nagar, Supela, G.E. Road, Beside Tata Motors Ph.: 9522221941

DURG: Opp. Polytechnic College Near Rajendra Prasad Chowk Ph.: 922221943

## सिटी इवेंट

# विपरित परिस्थियों का सामना करने के सीखे गुर, गृहणियों ने कहा हम भी है तैयार



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा सिंटर संयंत्र के कर्मियों की पत्नियों व गृहणियों को हम भी है तैयार एक दिवसीय कार्यशाला के अंतर्गत विशेष बुनियादी नागरिक सुरक्षा की जरुरी जानकारियां दी गई। इस दौरान उन्हें धैर्य व हिम्मत के साथ संकट का सामना करने और प्राथमिक उपचार दवरा कृत्रिम सांस देने सहित कई कार्य बताएं गये। एक दिवसीय विशेष बुनियादी नागरिक सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन लघु सभागार, ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 24 महिलाएं उपस्थित रहीं।

इस कार्यशाला का उद्देश्य किसी भी आपदा, विपरीत परिस्थियों व संकटकालीन समय में गृहणियों को धैर्य, हिम्मत के साथ कार्य करन व संकट से जूझने व उसका सामना कैसे करे, अपना व साथी का बचाव करने, पीड़ित को सहारा देने, तात्कालिक स्ट्रेचर, रस्सी से बचाव, प्राथमिक उपचार में ब्लीडिंग रोकना, कृत्रिम श्वास आदि विषयों की जानकारी दी गई। नागरिक सुरक्षा संगठन छत्तीसगढ़ दवरा गृहणियों को हम भी है तैयार के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान महिलाओं को घर में अकेले रहने पर विपरित परिस्थिति का सामना करते हुए स्वयं व परिवार को सुरक्षित रखने, शीघ्र निर्णय लेकर 112 की सेवाएं लेने और अपना मनोबल कैसे बनाये रखना चाहिये जैसे अनेक जानकारी दी गई। इस कार्यशाला में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल महाविद्यालय नागपुर से प्रशिक्षित प्रशिक्षकों में स्वतंत्र कुमार, मास्टर अनुदेशक, ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग ने नागरिक सुरक्षा का इतिहास, उद्देश्य व हमारी भूमिका, आपदा प्रबंधन, अग्नि सुरक्षा, घरेलु सुरक्षा, घरेलु उपकरण व विद्युत सुरक्षा व संचार सेवा विषय पर सुरेन्द्र नंदेश्वर मर्चेंट मिल ने बचाव सेवा व प्रदर्शन पर, डॉ राजेश्वर राम, संयुक्त निदेशक, राष्ट्रीय औद्योगिक स्वास्थ्य सेवा केन्द्र विभाग द्वारा प्रथमोपचार विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किय।

कार्यक्रम के समापन समारोह के मुख्य अतिथि अनूप कुमार दत्ता, मुख्यमहा प्रबंधक सिंटर संयंत्र व अतिथि जगेन्द्र कुमार महा प्रबंधक सिंटर संयंत्र 2 व संजीव वर्गीस महा प्रबंधक सिंटर संयंत्र 3 उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाएं भी नागरिक सुरक्षा के कार्य को बखूबी कर सकती है और इसके लिए जन जागरूकता व क्षमता विकास का कार्य हम आपके लिए कर रहे है। हम नागरिक सुरक्षा संगठन के द्वारा प्रत्येक जगह पर विपरीत परिस्थिति में निपटने, आपदा में कम से कम हताहत होने व महिलाएं भी सक्षम हों यही हमारा प्रयास है।

## ● कलावीथिका' ऐसे आयोजन से विद्यार्थियों में होता है उद्यमिता कौशल का विकास- रजनी बघेल

# फरा, चौसेला, लीटी-चोखा, पुरनपौली का चखा स्वाद गेम्स में जीते पुरस्कार, विद्यार्थियों में दिखा कौशल प्रबंधन

**नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत छात्रों को कुशल उद्यमी बनाने, विपणन एवं प्रबंधन का व्यवहारिक अनुभव कराने के साथ विपणन कार्यों में आने वाली कठिनाईयों से रूबरू कराने के उद्देश्य से स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय में कला विथिका का आयोजन किया गया था। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा पकौड़े, चौसेला, लीटी-चोखा, पुरनपौली, बड़ापाव, फरा सहित साउथ इंडियन व्यंजनों के स्टॉल लगाये और सभी ने ललीज व्यंजनों का स्वाद लिया। इस दौरान विद्यार्थियों में कौशल प्रबंधन की क्षमता दिखाई दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद पत्नी रजनी विजय बघेल थी।**



**भिलाई।** स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय, भिलाई में आईक्यूएसी उद्मिता सेल, वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में कला विथिका फेस्टिव एक्जीबिशन का आयोजन किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत छात्रों को कुशल उद्यमी बनाने के साथ ही विपणन कार्यों में आने वाली कठिनाईयों को फेस कर नये कौशल प्राप्त करने का अवसर प्रदान करना था।

### अतिथियों ने की दीपावली की खरीददारी

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रजनी बघेल व अतिथियों द्वारा रिबन काटकर किया गया। इस अवसर पर श्रीमती बघेल ने विद्यार्थियों के रचनात्मक कौशल व बनाये व्यंजनों की सराहना करते हुये कहा कि विद्यार्थियों की प्रतिभा बहुमुखी होती है आवश्यकता उनको मंच प्रदान करने की है। विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने उन्होंने अपने हाथों में मेंहदी लगवाई और विभिन्न स्टालों से दीपावली के लिये खरीददारी कर विद्यार्थियों द्वारा बनाये गए व्यंजनों का लुफ्त भी उठाया।इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. हंसा शुक्ला ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की रचनात्मकता व उद्मिता के गुणों के विकास करने का अवसर प्रदान करना नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मुख्य उद्देश्य है इसी के तहत कला विथिका एक्जीबिशन का आयोजन किया गया जिससे विद्यार्थियों को मंच मिल सकें।



### उपस्थित दर्ज कराकर किया प्रोत्साहित

कार्यक्रम में डॉ श्रुतिका देवेन्द्र यादव, मंजू अरूण वोरा, पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर, श्वेता धीरज बाकलीवाल जैन, पायल जैन अध्यक्ष छत्तीसगढ़ चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स दुर्ग-भिलाई, रचना अग्रवाल अध्यक्ष जेसीआई, मोनिका खेतान, प्रीति मिश्रा समाजिक कार्यकर्ता, संगीता शर्मा अध्यक्ष छग सरयूपारिय ब्राम्हण समाज, शिजी सीजू एन्थोनी, वाय पूर्णिमा लक्ष्मीपति राजू, बानी सोनी अध्यक्ष यौन उत्पीड़न समिति दुर्ग जिला, सुमन कन्नौजे जर्नल सेक्रेटरी छत्तीसगढ़ चैम्बर्स ऑफ कामर्स महिला विंग, प्रीति अजय बेहरा सामाजिक कार्यकर्ता सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित हुए।






### सभी ने ललीज व्यंजनों का लिया स्वाद

सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा बनाये गये लजीज व्यंजनो का स्वाद लिया। विद्यार्थियों ने पकौड़े, चौसेला व टमाटर चटनी, लीटी-चोखा, समोसा चाट, गुपचुप, पुरनपौली, पोटाटोबाल, बड़ापाव, दही गुपचुप, दही समोसा, भेल, कस्टर्ड, रसगुल्ला, फरा, के साथ साउथ के व्यंजन आदि ने लोगों को आकर्षित किया साथ ही कोल्डकॉफी, चाय, लस्सी जैसे पेय पदार्थ रखे गये। अइरसा, मूरकू आदि की खुशबू ने लोगों की भूख बढ़ाई, वहीं महाविद्यालय प्रांगण खाने की खुशबू से महक गया। विद्यार्थियों ने पर्यावरण को स्वच्छ रखने वाले इको फ्रेंडली सजावटी वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें कलात्मकता से सजा दिया, कलश, आकाशदीप, मिट्टी से बना ऊँट के आकार का दिया पॉट, तरह-तरह के आकारों की मोमबत्तियाँ, टेराकोटा के सुंदर आभूषण, सजावटी मटकी, फ्लावर पॉट, घरेलू उपयोग की वस्तु लैंप, हर्बल साबुन, हर्बल टी, आदि कलाविथिका के मुख्य आकर्षण थे। इस दौरान विद्यार्थियों ने मनोरंजक गेम्स भी रखे थे जिसमें अतिथियों ने गेम खेलकर पुरस्कार भी जीते। विद्यार्थियों ने मेंहदी लगाकर अपनी कला की छाप छोड़ी।



## सिटी इवेंट

# माइक्रोबायोम्स, मानव स्वास्थ्य और प्रौद्योगिकी के बारे में जानकारी की साझा




**भिलाई।** स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय हुडको भिलाई छत्तीसगढ़ के सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग के छात्र परिषद तथा माइक्रोबायोलॉजिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में माइक्रोबायोम्स और मानव स्वास्थ्य विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ एएम देशमुख अध्यक्ष, एमबीएसआई ने सभा को संबोधित करते हुए माइक्रोबायोम्स और मानव स्वास्थ्य, उनके उभरते रुझान और प्रौद्योगिकी के बारे में जानकारी साझा की। वेबिनार में विशिष्ट वक्ता के रूप में डॉ गौरव शाह, स.प्रा और बायोटेक्नोलॉजी विभाग के प्रमुख वीएनएसजीयू कैम्पस, सूरत और प्रोफेसर डॉ. जी आर पाटिल डीन कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ एलाइड साइंसेस, कृष्णा विश्व विद्यापीठ, कराड उपस्थित रहे। डॉ. शमा ए बेग सूक्ष्मजीवविज्ञान की विभागाध्यक्ष ने वेबिनार के विभिन्न उद्देश्यों और माइक्रोबायोम्स और मानव स्वास्थ्य पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि हमारे शरीर में अरबों-खरबों सूक्ष्म जीवों को माइक्रोबायोम कहते हैं। ये केवल हमारी आंतों में ही नहीं, बल्कि हमारी त्वचा, मुंह, और अन्य अंगों में भी निवास करते हैं। ये सूक्ष्म जीव न केवल पाचन में मदद करते हैं, बल्कि हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाते हैं। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं, और बीमारियों से लड़ने में हमारी सहायता करते हैं। स वेबिनार में माइक्रोबायोम जीवन के विभिन्न चरणों में विकसित होने के साथ ही इसका स्वास्थ्य और बीमारियों में योगदान को बताया गया। डॉ. गौरव शाह ने आंत के माइक्रोबायोटा की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला और कुछ केस स्टडीज के माध्यम से आंत माइक्रोबायोम की संरचना और ऑटिज़्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (एएसडी) एवं मानसिक स्वास्थ्य के बीच के संबंध को स्पष्ट किया।

## स्पोर्टस इवेंट

# वीकेंड सीरीज टी-20 क्रिकेट आज से, 6 टीमें लेंगी भाग

**भिलाई।** वीकेंड सीरिज का आगाज 27 अक्टूबर से होने जा रहा है। प्रतियोगिता टी-20 है, जिसमें 6 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता के सारे मैच बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में खेले जाएंगे। सभी 6 टीमों को दो पूल में बांटा गया है। पुल ए में भिलाई वेटरेनस क्रिकेट एसोसिएशन, सीआईएसएफ-11 एवं डीडीसीए शामिल है। पुल बी में बीएसएफ-11, मॉर्निंग क्लब-11 एवं डीजीवीसीए टीमें शामिल की गई हैं। 27 अक्टूबर को खेले जाने वाला पहला मैच भिलाई वेटरन क्रिकेट एसोसिएशन और सीआईएसएफ-11 के बीच खेला जाएगा। दूसरा मैच मॉर्निंग क्लब-11 और बीएसएफ-11 के बीच होगा। इधर बीसीसीआई द्वारा निर्देशित एवं छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर 23 करनल सीके नायडू ट्रॉफी के अंतर्गत 27 से 30 अक्टूबर 2024( चार दिवसीय मैच) बीएसपी क्रिकेट सेक्टर 10 में खेला जाएगा। मैच सुबह 9:15 बजे से प्रारंभ होगा।

## अभियान

# कक्षा 4थीं और 5वीं के विद्यार्थियों ने कॉलेज जाकर खेल-खेल में सीखा कंप्यूटर और गणित



**भिलाई।** शा प्रा शाला रुआबांधा के चौथीं व पांचवी के विद्यार्थियों को खेल खेल में गणित तथा कंप्यूटर की निःशुल्क शिक्षा सामुदायिक कार्यक्रम के अंतर्गत दी गई। यह सामुदायिक कार्यक्रम पिछले बारह वर्षों से निरंतर चलाया जा रहा है। सेंट थॉमस कॉलेज रूआबांधा और शा. प्रा. शाला रूआबांधा के बीच पांच वर्षों का एमओयू में भी हस्ताक्षर किया गया। सेंट थॉमस कॉलेज रूआबांधा के गणित व कंप्यूटर विभाग द्वारा बनाये गए जैगाइस्ट मंच के अंतर्गत कई कार्यक्रम किये जाते है। जिसमें गणित व कंप्यूटर के विद्यार्थी बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते है। इसी कड़ी में समुदाईक कार्यक्रम 2024-25 का आयोजन किया गया, जिसमे शा. प्रा. शाला रुआबांधा के 50 विद्यार्थियों को महाविद्यालय ले जाकर उन्हें खेल खेल में गणित तथा कंप्यूटर की शिक्षा निः शुल्क दी गयी। शा. प्रा. शाला के विद्यार्थियों को नोटबुक व अन्य स्टेशनरी सामग्री निःशुल्क वितरित की गयी।

कार्यक्रम की शुरुआत में गणित व कंप्यूटर विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ सुजा वर्गीस ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉ एमजी रायमोन ने शा प्रा शाला रूआबांधा के विद्यार्थियों व प्रधान पाठिका का आभार प्रकट किया। डॉ रोयमोंन ने बताया कि कंप्यूटर वर्तमान समय के लिए बहुत ही उपयोगी है और इसी तरह गणित की उपयोगिता पर भी उन्होंने अपनी बात रखी, उन्होंने कहा कि बिना गणित के किसी भी विषय का विस्तार नहीं है। सभी विषयों को समझने के लिए गणित की आवश्यकता होती है और भविष्य में भी यह कार्यक्रम कराने के लिए प्रेरित किया।

## आयोजन

# वैराग्य प्राप्ति को लेकर नाट्य मंचन


**भिलाई।** साध्वी सौभाग्यमति का प्रथम दीक्षा दिवस शनिवार को दिगंबर जैन मंदिर वैशाली नगर में मनाया गया। इस अवसर पर सत्संग का आयोजन किया गया। उनके वैराग्य की राह पर चलने के क्रम को नाटक के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम संचालन पंकज कुमार छतरपुर की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर साध्वी के ऊपर जीवन पर नाटक की शानदार प्रस्तुति दी गई। उसमें उन्हें वैराग्य की प्राप्ति कैसे हुई? वैराग्य के मार्ग पर आप कैसे आगे बढ़ीं? इस विषय पर स्थानीय समाज के स्वजाति बंधुओ ने नाट्य का मंचन कर जीवन के पहलुओं के बारे में उपस्थित धर्म प्रेमी बंधुओ अवगत कराया। संयम और वैराग्य के अहिंसा का इसे बर्थ-डे बताया गया। बीजेपी के वरिष्ठ नेता संजय बोहरा ने बताया कि साध्वी माता ने अहिंसा के पद पर चलकर नगर गौरव के रूप में दीक्षा ग्रहण कर त्याग, तपस्या, संयम को जीवन में उतारा है। इस अवसर पर नगर सकल जैन समाज के कजोड़ मल लोहारिया, अरविंद जैन, किशोर बढ़ जटिया, सभापति मनोज लोहारिया, सुनील जैन, मनीष, हरीश सहित अन्य मौजूद थे।





## जम्मू कश्मीर दिवस पर वक्ताओं ने कहा कि देश की अखंडता सर्वोपरि

# 26 अक्टूबर 1947 को जम्मू-कश्मीर का भारत में हुआ विलय, 7 अगस्त 2019 को धारा-370 हुई समाप्तः डॉ. पांडेय



**भिलाई।** शासकीय दानवीर तुलाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय उतई में शनिवार को जम्मू-कश्मीर दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेमचन्द यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के पूर्व कुलपति एवं जम्मू-कश्मीर-लद्दाख अध्ययन केन्द्र के छत्तीसगढ़ प्रांत अध्यक्ष डॉ. एनपी दीक्षित थे। अध्यक्षता डॉ. राजेश पांडेय अपर संचालक दुर्ग संभाग ने की।




डॉ. राजेश पांडेय ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में जम्मू-कश्मीर के इतिहास की जानकारी दी। डॉ. पांडे ने यह बतलाया कि 26 अक्टूबर 1947 को जम्मू-कश्मीर के पूर्व महाराजा हरिसिंह ने विलय पत्र पर हस्ताक्षर किए एवं जम्मू-कश्मीर का भारत संघ में विलय कराया इसलिए 26 अक्टूबर जम्मू-कश्मीर दिवस के रूप में मनाया जाता है। डॉ. पांडे ने बतालाया कि 05 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर को प्राप्त विशेष दर्जा एवं अनुच्छेद 370 तथा 35(A) को समाप्त कर दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एनपी दीक्षित ने अंग्रेजों के शासन के पूर्व जम्मू-कश्मीर के इतिहास की जानकारी दी। डॉ. दीक्षित ने बतलाया कि किस तरह से पाकिस्तान की सेना ने 22 अक्टूबर 1947 को जम्मू-कश्मीर में आक्रमण की शुरूआत की। 26 अक्टूबर 1947 को जम्मू-कश्मीर का भारत में विलय होने पर भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना द्वारा किए गए आक्रमण को रोका। डॉ. दीक्षित ने देश के एकीकरण को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि अब चूंकि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 एवं 35(A) समाप्त हो चुका है। जम्मू-कश्मीर का दर्जा उसी तरह हो गया है, जिस तरह अन्य प्रदेशों का।

### भारत में रियासतों का विलय एक कानूनी दस्तावेजों का विलय

डॉ. दीक्षित ने जानकारी दी कि 15 अगस्त 1947 को जब भारत स्वतत्रंत होने वाला था तो किस तरह से भारत की रियासतों का भारत में विलय हुआ। इस हेतु एक कानूनी दस्तावेज जिसे विलय पत्र कहा गया, उसमें हस्ताक्षर कराए गए एवं विलय हेतु क्या शर्त रखी गई थी। उन्होंने जानकारी दी कि विलय हेतु शर्त रखी थी कि जो रियासतों भारत के अंदर हैं, उन्हें भारत में रहना होगा। उन्होंने आगे कहा कि जिन रियासतों की सीमा भारत एवं पाकिस्तान से लगी हुई है, उसका निर्णय वे रियासतें स्वयं करेंगी कि वे किस देश में रहना चाहते हैं।

### जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग, जो हमेशा रहेगा

जम्मू-कश्मीर की सीमा चूंकि भारत एवं पाकिस्तान से लगी हुई हैं किन्तु महाराजा हरिसिंह ने जम्मू-कश्मीर को भारत में ही विलय करने का निर्णय लिया। कार्यक्रम में जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख अध्ययन केन्द्र, छत्तीसगढ़ प्रांत के पदाधिकारी देश दीपक सिंह, विनोद अग्रवाल, राजीव इस्सर, विकास पंचाक्षरी एवं महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. अरुण कुमार मिश्रा, डॉ. एए खान एवं अन्य सभी प्राध्यापक एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन महाद्यिलय की प्राध्यापक डॉ. अनुसूईया जोगी ने किया।

## खबर संक्षेप

### शटर का ताला टूटा, अपराध दर्ज

**भिलाई।** दुकान का शटर का ताला तोड़कर चोरी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि सड़क 10 सेक्टर 4 निवासी शहजाद खान का केजीएन ट्रेडर्स शॉप न सी/6 लक्ष्मी नगर मार्केट सुपेला में डेली नीडर्स की होलसेल दुकान है। पीड़ित 24 अक्टूबर की रात 9.30 बजे अपनी दुकान बंदकर घर चला गया था। सुबह दुकान खोलने पहुचा तो ताला और चैनल गेट कटा हुआ था। गल्ले में रखा गया चिल्हर 20 हजार, सिगरेट विभिन्न कंपनी का 20 पुड़ा , कस्मेटिक सामान पार हो गया।

### कवर्धा ने दुर्ग को 103 रनों से हराया

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर 14 प्लेट ग्रुप एक दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के मैच इन दिनों खेले जा रहे हैं। शनिवार को कल्याण कॉलेज ग्राउंड में सरगुजा और जांजगीर-चांपा के बीच मैच खेला गया। इस मैच को सरगुजा ने 152 रनों से जीत लिया। सरगुजा ने 9 विकेट पर 227 रन बनाए। जांजगीर चांपा की टीम 75 रन पर आउट हो गई। दूसरा मैच न्यू ग्राउंड कांकेर में रायपुर ब्लू और नारायणपुर के बीच खेला गया। रायपुर ब्लू पांच विकेट से विजयी रहा। नारायणपुर ने 142 रन बनाए।

## निधन

### सुखराम यादव



**भिलाई।** बड़े पुरदा धमधा निवासी सुखराम यादव 85 वर्षीय का आकस्मिक निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए। वे लक्ष्मी यादव के पति व मोहित यादव, सुनिता, पार्वती, एवं केशरी यादव के पिता थे।

**दीक्षांत समारोह : आईआईटी भिलाई में हुआ समारोह**

# राष्ट्रपति ने दिया विद्यार्थियों को पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई के तृतीय एवं चतुर्थ दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रतिभावान विद्यार्थियों को अपने हाथों से स्वर्ण पदक प्रदान किया। उन्होंने विद्यार्थियों के अभिभावकों, प्राध्यापकों, साथियों को भी बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि नई तकनीक का विकास करें और दुनिया को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य करें।

भारत सरकार ने देश के सभी क्षेत्र के युवाओं को तकनीकी उच्च शिक्षा देने के लिए देश भर में 23 आईआईटी स्थापित किए हैं। सर्वोच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान की जा रही है। देश में भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए आईआईटीएक मजबूत इको सिस्टम तैयार करेंगे। यह इको सिस्टम विकसित भारत की पहचान बनेगा। आईआईटी भिलाई नये सपनों, नई सोच, नवीनतम तकनीक के साथ यह संस्थान और विद्यार्थी देश का नाम रोशन करेंगे। राष्ट्रपति मुर्मु सहित अतिथियों का स्वागत आईआईटी भिलाई के बोर्ड ऑफ गवर्नर के अध्यक्ष के. वेंकटरमन और डायरेक्टर राजीव प्रकाश ने किया।




**ये गोल्ड मेडलिस्ट हुए**

2024 और 2023 बैच में उच्चतम सीजीपी हासिल करने वाले बीटेक छात्र के लिए संस्थान स्वर्णपदक क्रमशः नोमानआलमखेरानीऔर शाश्वत जायसवाल को मिला।बीटेक छात्र यश टेकचंदानी और मधुरभट्टड ने अकादमिक और पाठ्येतर दोनों डोमेन में समग्र प्रदर्शन के आधार पर निदेशक स्वर्ण पदक लिया। एम टेक छात्र सिदागम रोहित और सत्य विक्रम प्रतापसिंह को क्रमशः 2024 और 2023 में निदेशक स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।बीटेकए बीटेक ;ऑनर्सद्ध और एमएससी में समग्र शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ सर्वश्रेष्ठ छात्रा के लिए निदेशक का स्वर्ण पदक विधि मित्तल को प्रदान किया गया। सीनेट पुरस्कार उन छात्रों को प्रदान किए गए जिन्होने विभिन्न शाखाओं और कार्यक्रमों में उच्चतम सीजीपी हासिल किया।

### राज्य के तकनीकी क्षेत्र की कमी पूरा- राज्यपाल

राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि वर्ष 2016 में छत्तीसगढ़ में आईआईटी भिलाई की स्थापना ने राज्य के तकनीकी उच्च शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही कमी को पूरा किया। बहुत कम समय में, इस संस्थान ने छत्तीसगढ़ के लोगों के दिलों और दिमाग में अपनी जगह बनाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। छत्तीसगढ़ भारत के धान के कटोरे के रूप में प्रसिद्ध है। हमारा राज्य प्राकृतिक संसाधनों और खनिज के साथ-साथ सांस्कृतिक विरासत में भी समृद्ध है। यह संस्थान हमारे राज्य के लोगों के लिए प्रत्यक्ष सामाजिक और आर्थिक प्रासंगिकता के मुद्दों पर हमारी सरकार की विभिन्न शाखाओं के साथ कार्य कर रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार के विभागों, एजेंसियों और आईआईटी भिलाई के बीच कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। कुछ परियोजनाएं नदियों के पुनरुद्धार, जिला प्रशासन की क्षमता निर्माण और राज्य की अमूर्त विरासत को संरक्षित करने से संबंधित हैं।

### तकनीकी से लैस उर्जावान पीढ़ी का निर्माण- सीएम

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि इस संस्थान का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 14 जून 2018 को किया था। संस्थान के इस अत्याधुनिक स्थायी परिसर को उन्होंने 20 फरवरी 2024 को राष्ट्र को समर्पित किया था। जिस देश और प्रदेश के पास तकनीक की ताकत होगी वह उतनी ही तेजी से विकास करेगा। आज भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। हम विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ निर्माण का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहे हैं। यह लक्ष्य तकनीक को हासिल किए बिना हासिल नहीं किए जा सकते। यह हमारा सौभाग्य है कि राज्य में आईआईटी भिलाई के साथ-साथ ट्रिपल आईटी, एनआईटी जैसे उत्कृष्ट संस्थान मौजूद है। ये संस्थान तकनीक से लैस एक ऊर्जावान युवा पीढ़ी का निर्माण कर रहे हैं जो देश और राज्य के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली है। आईआईटी भिलाई हमारे राज्य में एक अत्याधुनिक आईटी पार्क की स्थापना के लिए हमारी सरकार के साथ मिलकर काम कर रहा है। यह इस राज्य का पहला आईटी पार्क होगा। इससे सूचना प्रौद्योगिकी के साथ-साथ स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग, परिवहन, एग्रीटेक और हेल्थटेक के क्षेत्र में भी युवाओं के लिए अवसर खुलेंगे। इसी तरह आईआईटी भिलाई हमारी सरकार के साथ मिलकर छत्तीसगढ़ में एक विद्या समीक्षा केन्द्र स्थापित करने का काम कर रहा है। यह केन्द्र छत्तीसगढ़ के स्कूलों के लिए एक एआई आधारित सेंट्रलाइज्ड कमांड और नियंत्रण केन्द्र तैयार करेगा। यह हमें स्कूलों के प्रदर्शन, बुनियादी ढांचे और छात्रों की संख्या आदि के संबंध में जानकारियां प्रदान करेगा। इससे नीतियों के निर्माण और संसाधनों के वितरण के संबंध में सटीक निर्णय लेने में सहायता मिलेगी। समारोह में आईआईटी भिलाई के बोर्ड ऑफ गवर्नर के अध्यक्ष के. वेंकटरमन, डायरेक्टर प्रोफेसर राजीव प्रकाश, संभागायुक्त एस.एन. राठौर, आईजी आर.जी. गर्ग, कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, एसपी जितेन्द्र शुक्ला, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय, वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, विधायक ललित चंद्राकर, विधायक गजेंद्र यादव , विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा आदि उपस्थित थे।

### राष्ट्रपति के सफल कार्यक्रम के लिए विधायक रिकेश ने दी बधाई

वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के भिलाई में सफलतम कार्यक्रम के लिए व्यवस्था में लगे दुर्ग जिले के सभी प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस अधीक्षक सहित सुरक्षा अधिकारियों की पूरी टीम, शहर की चाक चौबंद निगरानी में लगे पुलिस और सुरक्षा बल के जवानों को साधुवाद और बधाई दी है। उन्होने कहा कि राष्ट्रपति आईआईटी भिलाई के दीक्षांत समारोह में शामिल होने भिलाई पहुचीं। आईआईटी भिलाई के तृतीय एवं चतुर्थ दीक्षांत समारोह में महामहिम के आगमन से लेकर रवानगी तक कार्यक्रम व्यवस्था में लगे कलेक्टर, एसपी सहित प्रशासनिक टीम ने बेहतर ढंग से कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए एक बड़े कार्यक्रम को सफल बनाने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है।



हैलीपेड पर राष्ट्रपति मुर्मु का स्वागत करते वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन व दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर।

**भिलाई नगर पुलिस कर रही है जांच**

# हैदराबाद गए परिवार के यहां ताला तोड़कर चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हैदराबाद गए परिवार के सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। मिली जानकारी के मुताबिक हुडको स्थित मकान नंबर एमआईजी 1/200 निवासी प्रसाद राव परिवार समेत हैदराबाद गए हुए थे। घटना शनिवार तड़के 3 से 4 बजे के बीच की है। भोर में एक महिला फूल तोड़ने निकली तो उसने दो नकाबपोश युवकों को घर की दीवार से कूदकर भागते देखा। महिला के शोर मचाने के बाद आसपास के लोग इकठ्ठा हो गए। पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुची और घटना स्थल का मुआयना किया है। चोर दीवार फांदकर मकान में घुसे थे। चोर पहले ऊपरी माले पर गए और किराएदारों के घर का मुख्य दरवाजा बाहर से बंद कर दिया। इसके बाद मेन डोर का सेंटर लॉक दरवाजे के साथ तोड़ दिया। भीतर घुसने के बाद सभी कमरों में लगे ताले तोड़े। अलमारी का ताला तोड़ा और लॉकर भी खूला पड़ा मिला। बिस्तर पर कपड़े बिखरे थे। टेबल का ड्राज भी खुला था। खबर लगते ही पार्षद सीजू एंथोनी और अधिवक्ता रविशंकर सिंह ने तुरंत सूचना पुलिस को दी।

# जामुल में कबाड़ी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



लंबे समय से कबाड़ का अवैध कारोबार कर रहे एक कबाड़ी को पुलिस ने शिकायत के बाद गिरफ्तार किया है। उसके पास से लाखों का कबाड जब्त किया गया है। खबर लिखे जाने तक कार्रवाई जारी था। जामुल टीआई कपिल देव पाण्डेय ने बताया कि सुरेश पाण्डेय उर्फ पाण्डेय कबाडी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कबाडी के पास से पुलिस ने लाखों रुपए का अवैध कबाड भी जब्त किया है। इस बार पाण्डेय कबाड़ी को ट्रक ट्रेलर एसोसिएशन और स्टील चैंबर के लोगों ने मिलकर पकड़वाया है। औद्योगिक क्षेत्र जामुल के फैक्ट्रियों से कई बार लोहा पार होने की शिकायत पुलिस को मिली थी। लेकिन पाण्डेय कबाडी पर कार्रवाई सिर्फ खानापूर्ति किया जाता रहा है। लेकिन इस बार पाण्डेय कबाड़ी के गोदाम से चोरी का प्लेट समेत कई सामान जब्त किया गया। बताया गया है कि इन कबाड़ी और ट्रक ड्राइवरों का बड़ा नेटवर्क है। ये लोग ट्रक ड्राइवर से सेटिंग करके रखते हैं। जब वो बीएसपी से लोहा लोड करके आता है तो रास्ते में एक दो प्लेट कबाड़ियों के यहां उतार देता है। लोहे की कुछ प्लेट्स रसमड़ से ट्रक में लोड हुई थीं। जब वो भिलाई में अनलोड हुई तो ट्रक से एक से दो सरिया गायब था। लोडिंग और अनलोडिंग की फोटो का मिलान किया तो चोरी की आशंका हुई। ट्रक ड्राइवर से कारोबारी ने पूछताछ किया तो पहले गोलमोल जवाब देने लगा। इसके बाद ट्रक के मालिक से बात करने पर जीपीएस देखकर बताया कि उनका ट्रक छावनी चौक में पानी टंकी के पास काफी देर तक खड़ा था। इससे उन्हें शंका जाहिर किया कि पाण्डेय कबाड़ी का गोदाम यहीं पर है और उनका लोहा वहीं बेचा गया। गोदाम में लोहा ट्रक में लोड कर रहा है। इसके बाद कारोबारियों ने पुलिस को सूचना दी। ट्रक ट्रेलर एसो. ने वहां हंगामा करते हुए कार्रवाई की मांग की।

# प्रभारी सचिव संपत ने संगठन मजबूत करने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं छत्तीसगढ़ के सह प्रभारी एस ए संपत कुमार ने पूर्व राज्य मंत्री बदरुद्दीन कुरैशी,पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर,प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र साहू,जितेंद्र साहू, जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर की मौजूदगी में जिला कांग्रेस कमेटी,भिलाई की बैठक ली एवं कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती के लिए प्रेरित किया। संपत कुमार ने प्रभारी सचिन पायलट का संदेश देते हुए कार्यकर्ताओं से कहा कि इन चुनावों में सफलता छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की भविष्य की जीत का मार्ग प्रशस्त करेगी। स्थानीय चुनाव में पार्टी की रीढ़ कार्यकर्ता होते हैं और कार्यकर्ताओ को मजबूत करने स्थानीय चुनावों में दिल बड़ा करने होंगे। उन्होंने आगे कहा कि, यदि कार्यकर्ता तन,मन और धन से एक जुट होकर काम करेंगे, तो न केवल निकाय चुनावों में बल्कि आगामी विधानसभा चुनावों में भी कांग्रेस की जीत सुनिश्चित होगी। उन्होंने पार्टी में मेहनत करने वाले कार्यकर्ताओं को बड़ी जिम्मेदारियों का आश्वासन दिया और कहा कि संगठन में अब कोई छोटा-बड़ा नहीं रहेगा, बल्कि जो काम करेगा, वही ऊंचाई तक पहुंचेगा। जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने भाजपा सरकार के 10 माह के कार्यकाल पर तीखे सवाल उठाते हुए कहा कि जगह जगह लूटपाट डकैती, हत्या, गोली कांड चाकू बाजी जैसी दुखद घटनाएं आए दिन घट रही हैं। युवा, महिला, किसान , मध्य वर्ग बेरोजगारी एव महंगाई से परेशान है। इस दौरान महापौर शशि सिन्हा,प्रभारी महापौर सीजू एंथोनी,पूर्व साडा उपाध्यक्ष बृजमोहन सिंह,पूर्व महापौर नीता लोधी, छितिज चंद्राकर, धर्मेंद्र यादव, गिरिवर बंटी साहू,केशव बंछोर सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।



■ जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई की बैठक ली

# मुख्य पाइप लाइन में लीकेज, मरम्मत के बाद वाटर सप्लाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कैलाश नगर बघवा चौक से कुरूद तक वाटर सप्लाई मुख्य पाइप लाइन में लीकेज आ गया था। जिसकी जानकारी पार्षद एमआईसी सदस्य सीजू एंथोनी द्वारा आयुक्त बजरंग दुबे को दी गई। आयुक्त ने जोन आयुक्त ऐसा लहरे को निर्देशित किया कि शीघ्रता से कार्य को संपादित करवा कर पानी सप्लाई ठीक किया जाए। मौके पर निरीक्षण करने पर पता चला कि पानी शीघ्रता से निकल रहा था। रात में ही वाटर सप्लाई की टीम को लगाकर कार्य को संपादित करवाया जा रहा था। खुदाई के दौरान पता चला कि एक दूसरे जगह पर भी पानी लीकेज कर रहा था। दोनों जगह के लीकेज के कारण पानी सप्लाई बाधित हो रहा था। दोनों जगहो का तत्परता के साथ कार्य करके पाइपलाइन के लीकेज को ठीक किया गया। आज की स्थिति है कि कैलाश नगर कुरूद क्षेत्र में पानी सप्लाई पूर्व की भांति शुरू हो गई है ।

**संयुक्त ट्रेड यूनियन ने हड़ताल मुद्दे पर कहा**

# प्रबंधन के जारी सर्कुलर से कर्मी गुमराह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हड़ताल को लेकर भिलाई इस्पात प्रबंधन ने जो सर्कुलर जारी किया है। उसके जवाब में संयुक्त यूनियन ने कहा कि हड़ताल पूरी तरह से वैध है। प्रबंधन हड़ताल की सफलता को लेकर डरा हुआ है। वह कर्मचारियों को डराने का प्रयास कर रहा है। कर्मचारी अब किसी भी तरह से पैसे कटने से नहीं डरने वाले हैं और पूरी तरह से हड़ताल को सफल बनाएंगे। संयुक्त यूनियन ने कर्मचारियों से अपील की है कि वह प्रबंधन के बहकावे मे ना आएं। 28 अक्टूबर के हड़ताल के संदर्भ में मुख्य श्रम आयुक्त (केंद्रीय) द्वारा बुलाई गई सुलह बैठक असफल हो गई एवं भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन ने हड़ताल को लेकर पत्र जारी कर कर्मियों के मांगों से अपना पल्ला झाड़ते हुए कहा कि ज्ञापन के अनुसार अधिकतर मांगे केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों और कॉरपोरेट ऑफिस सेल से संबंधित है। भिलाई की औद्योगिक शांति एवं सौहार्द की गौरवमय परंपरा को याद दिलाया। जिस पर संयुक्त यूनियन ने कटाक्ष करते हुए कहा कि कर्मचारी हमेशा से शांति और सौहार्द से रहते एवं काम करते आए हैं जिसका कभी भी प्रबंधन ने सम्मान नहीं किया। कर्मी हमेशा से ही उत्पादन की नई-नई ऊंचाइयों को छूता रहा है जिस पर प्रबंधन अपना क्रेडिट लेता है।



### उपस्थिति दर्ज कराने प्रबंधन का जोड़ -तोड़ शुरू

प्रबंधन यह जान चुका है कि कर्मियों का गुस्सा लगातार बढ़ता जा रहा है जिसका समाधान स्थानीय प्रबंधन के पास नहीं है एवं उच्च प्रबंधन स्थानीय प्रबंधन को कुछ नहीं समझता है। ऐसे में उच्च प्रबंधन के सामने नतमस्तक होते हुए स्थानीय प्रबंधन किसी भी तरह से हड़ताल को विफल दिखाने के लिए उपस्थिति दर्ज करने का जोड़-तोड़ शुरू कर दिया है जिसके तहत कर्मियों के सामने कई भ्रामक बातों के साथ प्रबंधन में एक अपील प्रस्तुत किया है।

### प्रबंधन की अपील धमकी भरा

संयुक्त यूनियन ने कहा कि अपील कभी भी धमकी भरा नहीं होता है किंतु प्रबंधन ने जिस भाषा का इस्तेमाल किया है उससे यह स्पष्ट होता है कि वह अपील कर्मियों को डराने एवं धमकाने की कोशिश है। जिसमें हड़ताल पर रहने से तरह-तरह की कार्यवाहियों का जिक्र है एवं पत्र में यह भी दर्ज है कि यूनियनों के द्वारा दिए गए ज्ञापन में अधिकांश मांगे केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों एवं कॉरपोरेट ऑफिस से संबंधित है। यूनियनें यह जानना चाहती है कि अधिकांश मांगों को छोड़कर जो मांग भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारियों के दायरे का है। उस पर भी तो प्रबंधन कुछ नहीं करना चाहता है। ऐसे में उत्कृष्ट कार्य संस्कृति एवं परंपरा की दुहाई देना केवल कोरी बात है जिसे सुन सुनकर भिलाई के कर्मी अब ऊब चुके हैं।



**खबर संक्षेप**



## विधायकों ने राष्ट्रपति का किया स्वागत

दुर्ग। दीक्षांत समारोह में भिलाई पहुंची महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु का विधायक गजेन्द्र यादव ने स्वागत किया। इस दौरान उनके साथ ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, डोमनलाल कोर्सेवाडा और वैशाली विधायक रिकेश सेन भी उपस्थित थे।

## अंशधारकों को दी गई लाभांश की राशि का चेक

दुर्ग। जिला अल्पसंख्यक बचत सहकारी साख़ समिति मर्यादित दुर्ग प्रधान कार्यालय पुराना बस स्टैंड द्वारा संस्थाअंश धारकों को आमसभा में पांच प्रतिशत लाभांश देने की घोषणा की गई थी। जिसके अनुसार संस्था के अंश धारकों को संस्था कार्यालय में आमंत्रित कर लाभांश राशि का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर संस्था उपाध्यक्ष हाजी हनीफ भिंडसरा, संचालक बहादुर अली थरानी, मकबूल अली, मंजूर अंसारी, शमसुद्दीन थरानी, नदीम आजमी, प्रबंधक बीआर श्रीवास, गुलाबचंद सोनी, बदरुद्दीन निशा, महेंद्र ढीमर, भारत भूषण अरोड़ा, वसीम कुरेशी, साबिर चिश्ती, लियाकत अली, नसीम फारूकी, मोहम्मद कमरुल हसन, जमाल खान, शाहरुख अंसारी, शेख जावेद, आनंद कटारिया, शफी खान, यासमीन अशरफी इत्यादि उपस्थित रहे।

### नई व्यवस्था : क्रेता और विक्रेता दोनों को खिंचानी होगी फोटो, ऑनलाइन रहेगा

# सुगम एप के जरिए जमीन की होगी पुष्टि, धोखाधड़ी पर लगेगा लगाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

राज्य शासन द्वारा लांच किए गए सुगम एप जमीन की खरीदी में होने वाले धोखाधडी पर लगाम लगाएगा। इस एप के जरिए यह साफ हो जाएगा कि, विक्रेता द्वारा भेजा गया जमीन मौके पर उपलब्ध है या नहीं। इस जमीन पर दोनो पक्षों को खडे होकर फोटो खिंचानी होगी। यह फोटो आनलाइन पोर्टल में दर्ज रहेगा। जानकारों की माने तो शासन का प्रयास विवाद को कम करने में काफी कारगर साबित होगा।

प्रायः देखा गया है कि, जमीन का विवाद ज्यादातर डबल रजिस्ट्री के चलते सामने आता है। लेकिन सुगम एप से अब रजिस्ट्री के पहले पोर्टल में क्रेता और विक्रेता का फोटो अपलोड किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि, रजिस्ट्री होने के बाद इस बात की शिकायत आती रही है कि, मौके पर जमीन ही उपलब्ध नही है। ऐसे में रजिस्ट्री कागज लेकर पीडित न सिर्फ जिला प्रशासन फिर अंत में कोर्ट का चक्कर लगाकर थक जाता है और उसे लंबे समय बाद भी कब्जा नही मिलता है। जानकारो ने बताया कि, जमीन खरीदी और बिक्री में दो बिन्दु महत्वपूर्ण होते हैं। पहला जिस जमीन को खरीदी रहे है, उसका वर्तमान रिकार्ड दुरूस्त होना चाहिए, वही रजिस्ट्री के बाद नामांतरण की पूरी प्रक्रिया कर लेनी चाहिए। इस तरह दस्तावेज की जांच तो हो जाती है। वही दूसरी बडी सावधानी मौके पर जमीन की जानकारी लेने भी जरूरी है। क्योकि ज्यादातर मामले में पाया जाता है कि, रजिस्ट्री के बाद खरीददार को दुबारा सीमांकन कराने जैसे प्रक्रिया से गुजरना होता है और अंत में पता चलता है कि, रजिस्ट्री वाली जमीन मौके पर हैं ही नही। लेकिन राज्य शासन के सुगम एप से रजिस्ट्री के पहले तीन से चार तरफ से जमीन की फोटो क्रेता और विक्रेता के साथ ली जाएगी।

**जमीन विवाद को कम करने शासन ने शुरू किया सुगम एप**



### जवाबदेही भी होगी तय

रजिस्ट्री के बाद अगर ऐसी स्थिति होती हैं कि, मौके पर जिस जमीन को बताया गया था, वह वास्तव में खरीददार नही है। ऐसे में जवाबदेही तय होगी। ऐसी स्थिति जिसने बेचा हैं, उसकी जवाबदेही के साथ संबंधित राजस्व अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी। अमूमन देखा गया है कि, जमीन विवाद से बचने पुलिस द्वारा राजस्व न्यायलय का रास्ता दिखाया जाता है। लेकिन अब जवाबदेही तय होगी।

### इस तरह के भी सामने आए मामले

प्रायः ऐसी शिकायतें आती है कि, रजिस्ट्री के पश्चात एक सामान्य आदमी कई प्रकार से फर्जीवाड़ा का शिकार हो जाता है। रजिस्ट्री दस्तावेज में दिया गया सम्पत्ति विवरण तथा मौके की स्थिति में अंतर होता है। एक सम्पत्ति कई लोगों को बेच दी जाती है। जिस जमीन का रजिस्ट्री किया जाता है, वह जमीन वास्तव में अस्तित्व में नहीं होती। ऐसी घटनाएं भी प्रकाश में आती रहती है कि रोड, रास्ता, उद्यान आदि की जमीन बेच दिया गया है। मौके में जितनी जमीन उपलब्ध है, उससे अधिक रकबा बेच दिये जाने की घटनाएं भी होती रहती है। ऐसी घटनाओं से आपसी लड़ाई-झगड़े तथा कोर्ट-कचहरी के मुकदमेबाजी में वृद्धि होती है।

### आईडी पासवर्ड को लेकर झंझट

दस्तावेज लेखक के सामने इस सिस्टम में यह चुनौती है कि, डाक्यूमेंट तैयार करने उनके आईडी का उपयोग किया जाएगा। ऐसे में आईडी यूजर को ही अपना मोबाइल लेकर मौके पर जाकर फोटो खिंचनी होगी। हांलाकि कुछ जानकार बताते हैं कि, कई प्रकरण में पक्षकार की आईडी बनाने की छूट है। ताकि वे ही मौके पर फोटो खिंच सकते है। बहरहाल विगत दिनों हडताल कर रहे दस्तावेज लेखक और वेंडर वापस काम में पहुंच गए हैं।

**व्यहारिक दिक्कतें**

यह सही हैं कि, सुगम एप से धोखाधडी पर लगाम लगेगी। लेकिन हर समय दस्तावेज लेखक व खुद पक्षकार को जाना संभव नही होता है। थोडी व्यवहारिक दिक्कते है, जिसे दूर करनी होगी। **-गेंदलाल यादव,** वकील, जमीन के जानकार

## राज्य की टीम ने राईस मिल में दी दबिश

दुर्ग। राज्य स्तर से खाद्य संचालक की टीम द्वारा दुर्ग के राईस मिल में दबिश दी गई हैं। आधा दर्जन से अधिक अफसरों की टीम ने दबिश देकर दस्तावेज और मौके पर उपलब्ध स्टाक की मिलान की है। अचानक राज्य स्तर से अफसरों की कार्यवाही शुरू होने से राईस मिलरों में खलबली मच गई हैं। जानकारी अनुसार जिला राईस मिल के अध्यक्ष विनित जैन के श्रध्दा एग्रो इंडिया में टीम द्वारा दबिश दिए जाने की बात सामने आई हैं। पता चला है कि, इस दौरान करीब 35 क्विंटल चावल की अतिरिक्त मिले है। सूत्रों ने बताया कि, मिल में दस्तावेजों का मिलान भी किया गया। चर्चा इस बात की भी रही कि, राज्य की टीम द्वारा सिर्फ एक ही मिल में दबिश दी गई। जबकि अन्य मिलरो ने भी नान और एफसीआई मं चावल जमा नही किया है।

### एकजूट होने से पहले कार्यवाही का दबाव

पिछले साल के कस्टम मिलिंग की राशि मिलरों को अब तक राज्य शासन द्वारा जारी नही की गई है। जिससे परेशान राईस मिलरों ने प्रदेश स्तरीय विरोध प्रदर्शन करने की तैयारी में है। माना जा रहा है कि, राज्य स्तर से किए जा रहे इस कार्यवाही के जरिए भी दबाव बनाने की कोशिश है। लेकिन यह भी सही है कि, जिले के मिलरों ने अब तक नागरिक आपूर्ति निगम में ढाई लाख क्विंटल और एफसीआई में सात लाख क्विंटल चावल अब तक जमा नही किया है।

### पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

**7987328736, 7489348301**




# तकनीकी कर्मचारियों के लिए सुरक्षा कार्यशाला का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ कर्मचारियों को सुरक्षित कार्य करने की दिलाई शपथ




छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत पुरुर वितरण केंद्र में कार्यरत तकनीकी कर्मचारियों हेतु एक दिवसीय विद्युत सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अभियंता एम जामुलकर, अतिरिक्त मुख्य अभियंता एचके मेश्राम, कार्यपालन अभियंता टीएलसहारे एवं श्रीमती अनसुईया ठाकुर उपस्थित हुए। आयोजित कार्यशाला में कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरणों के उचित उपयोग एवं स्वयं की सुरक्षा को प्राथमिता देते हुए तनाव रहित कार्य करने की जानकारी दी गई।

कार्यशाला में पुरुर वितरण केंद्र के सभी तकनीकी एवं एफओसी कर्मचारी शामिल हुए। मुख्य अभियंता श्री जामुलकर ने तकनीकी कर्मचारियों को सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए आपसी सामंजस्य से तनाव रहित होकर कार्य करने की सलाह दी। श्री जामुलकर ने कहा कि विद्युत सुरक्षा के बुनियादी सिद्धांतों को समझकर और पालन करके ही विद्युतीय दुर्घटनाएं रोकी जा सकती हैं। ज्यादातर हादसे छोटी-छोटी लापरवाही से होते हैं, इसलिए बचाव के साधनों का पूरा उपयोग कर ही बिजली का कार्य करना चाहिये। अतिरिक्त मुख्य अभियंता एचके मेश्राम ने मैदानी अमलों को सुरक्षा उपकरणों जैसे सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट, दस्ताने, टेस्टर, डिस्चार्ज रॉड आदि का उपयोग करते हुए कार्य करने के निर्देश दिये। कार्यक्रम के दौरान तकनीकी कर्मचारियों द्वारा अपने सुरक्षा संबंधित अनुभवों एवं कार्य के दौरान आने वाले परेशानियों को भी साझा किया गया। कार्यक्रम में सभी कर्मचारियों को सुरक्षित ढंग से कार्य करने की शपथ दिलाई गई। कार्यशाला में सहायक अभियंता एचके हिरवानी, कनिष्ठ अभियंता सीआर साहू एवं कु श्वेता सहित वितरण केंद्र के सभी तकनीकी एवं एफओसी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रासेयो इकाई ने की उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

दुर्ग। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र इकाई द्वारा नव प्रवेशित स्वयं सेवकों हेतु उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित की गई। मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एम. ए. सिद्दिकी उपस्थित थे। डॉ. सिद्दिकी ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के इतिहास, उद्देश्य एवं कर्तव्यों के बारे में अवगत कराया और राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़कर अपने वैयक्तिक विकास और सामुदायिक विकास की दिशा में निरंतर आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया और शपथ ग्रहण कराया। विशिष्ट अतिथि हिन्दीके विभागाध्यक्ष डॉ. अभिनेष सुराना ने द्वारा स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना की पृष्ठभूमि, नियमित गतिविधियों एवं गतिविधियों के लिए निर्धारित मापदंण्डों के बारे में जानकारी दी। मुख्य वक्ता प्रो. जनेन्द्र कुमार दीवान, कार्यक्रम समन्वयक (रासेयो) हेमचंद यादव विवि ने नवप्रवेशित स्वयंसेवकों को रासेयो से जुड़े पूर्व स्वयंसेवकों का उदाहरण देते हुए संबोधित किया।

## परामर्शदात्री समिति की बैठक बुलाने की मांग

दुर्ग। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक बुलाने की मांग कलेक्टर से की है। उन्होंने इस संबंध में ज्ञापन भी सौंपा। संघ के दुर्ग शाखा अध्यक्ष भानु प्रताप व जिला सचिव शिवदयाल धृतलहरे ने बताया कि समिति की बैठक विगत कई वर्षों से नहीं होने के कारण विभिन्न विभागों के कर्मचारियों एवं अधिकारियों की विभागीय पदोन्नति, क्रमोन्नति, समयमान वेतनमान, भत्ता समय पर नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने समिति की बैठक शीघ्र बुलाए जाने की मांग कलेक्टर से की है।

## आनंद नरेरा बनाए गए आप के कोषाध्यक्ष

दुर्ग। आम आदमी पार्टी के शहर जिला कार्यकारिणी में पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के मंशानुसार प्रदेश प्रभारी संजीव झा के आदेश पर प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू के अनुमति पर की गई है। कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष शंकर ठाकुर, शिशिर झा, बलदेव साहू, अशोक पटवा, संगठन मंत्री रवि साहू, महासचिव दिवाकर ठाकुर, कोषाध्यक्ष आनंद नरेरा, सचिव सोनू यादव, मुकेश नायक, सैय्यद मुशर्रफ अली, शिवशंकर मिश्रा, शेख शकील और सोशल मीडिया प्रभारी सुकांत खांडा बनाए गए है।

## जिला अस्पताल में इंटरकॉम की सुविधा बंद, कामकाज पर असर, सीएस से मिले जीवनदीप समिति के सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ अस्पताल में कामकाज हो रहा प्रभावित



जिला अस्पताल में उपलब्ध इंटरकॉम की सुविधा पिछले लंबे समय से बंद पड़ी हुई है। इस सुविधा के सुचारू रुप से संचालन को लेकर जीवनदीप समिति के सदस्यों ने शनिवार को अस्पताल के सिविल सर्जन सह-अधीक्षक डॉ. हेमंत साहू से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा गया। सदस्य दिलीप ठाकुर ने बताया कि, जिला अस्पताल 500 बेड क्षमता वाला अस्पताल है, जहां प्रतिदिन 1 हजार से अधिक ओपीडी के मरीज शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से ईलाज के लिए पहुंचते है। जिला अस्पताल में इंटरकॉम की सुविधा है, किंतु यह सुविधा पिछले लंबे समय से बंद पड़ी हुई है, जिसके चलते अस्पताल के कामकाज प्रभावित हो रहे है। इस स्थिति को देखते हुए अस्पताल में उपलब्ध इंटरकॉम की सुविधा को तत्काल व्यवस्थित करने की आवश्यकता है। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला अस्पताल जीवनदीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर, मानद सदस्य थे।

### संयुक्त संचालक से मिला शालेय शिक्षक संघ

# जल्द होगी संस्कृत शिक्षक पद पर पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ संस्कृत पर लगी याचिका हो गई है खारिज



संस्कृत विषय की जगह व्यवसायिक पाठ्यक्रम नही रखने पर, शाला संचालन समय सारणी में एकरूपता, ऑनलाइन अवकाश, उच्च शिक्षा हेतु अनुमति, नियमितीकरण आदेश व परामर्शदात्री समिति की बैठक जैसे विषयों पर शालेय शिक्षक संघ ने मांग रखी हैं।छग शालेय शिक्षक संघ के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष चन्द्रशेखर तिवारी के नेतृत्व में कवर्धा शालेय शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल संयुक्त संचालक, सम्भागीय कार्यालय लोक शिक्षण से मिलकर शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान का प्रयास किया। इस प्रतिनिधि मंडल में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, प्रदेश प्रवक्ता गजराज सिंह, कबीरधाम ज़िलाध्यक्ष शिवेंद्र चंद्रवंशी, अमित मिश्रा, कन्हैया तिवारी, चेतन प्रसाद साहू, प्रदीप मंडावी, अरविंद निर्मलकर, ओसन साहू, हीरालाल साहू, डूमन पटेल, मुकेश जायसवाल मौजूद थे। कार्यकारी प्रांताध्यक्ष चन्द्रशेखर तिवारी ने बताया कि, संयुक्त संचालक आरएल ठाकुर के समक्ष सर्वप्रथम संस्कृत शिक्षक के लंबित रिक्त पद पर शीघ्र पदोन्नति देने की मांग की गई। उल्लेखनीय है जिले में संस्कृत के अलावा सभी अन्य विषयों की पदोन्नति एक बार हो चुकी है, संस्कृत विषय पर पदोन्नति कोर्ट प्रकरण के कारण लंबित रही, माननीय हाईकोर्ट ने संस्कृत पर लगी याचिका खारिज कर दी है, जिससे फिर से संस्कृत विषय के पदोन्नति का मार्ग प्रशस्त हो गया है। जेडी ने शालेय शिक्षक संघ को आश्वस्त किया कि, संस्कृत विषय के रिक्त पदों पर शीघ्र ही पदोन्नति दी जायेगी। इसके अलावा अवकाश मामले में ऑफ़लाइन और ऑनलाइन दोनो स्वीकार्य किए जाने की जानकारी दी गई।

